भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1712
उत्तर देने की तारीख 13 दिसम्बर, 2023

ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी

1712. श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':
श्री संतोष कुमार:
श्री दिनेश चन्द्र यादव:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतनेट परियोजना के अंतर्गत बिहार में ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) उक्त परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (ग) भारतनेट चरण-I एवं II के अंतर्गत पिछले 10 वर्षों के दौरान बिहार राज्य के सभी 8340 जीपी सहित 2 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों (जीपी) को सेवा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। हाल ही में सरकार ने 1.88 लाख करोड़ रूपए के परिव्यय से सभी बसे हुए गांवों को शामिल करने के लिए भारतनेट कार्यक्रम में संशोधन किया है जो निम्नानुसार है:

i) मौजूदा भारतनेट नेटवर्क का उन्नयन
ii) भारतनेट उद्यमियों अर्थात् ग्राम स्तरीय उद्यमियों के माध्यम से नेटवर्क का उपयोग करने पर फोकस।
iii) 10 वर्षों के लिए व्यावसायिक एजेंसियों के माध्यम से सम्पूर्ण नेटवर्क का प्रचालन और रखरखाव।
iv) समर्पित नेटवर्क प्रचालन केंद्र।
v) सभी बसे हुए गांवों के जोड़ने के लिए कार्यक्षेत्र का विस्तार करना।
vi) 1.5 करोड़ होम फाइबर कनेक्शन उपलब्ध कराना।

*****